दिन– शुक्रवार दिनांक– 11/07/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण– एस.आई.आर का अब तक छियासठ प्रतिशत कार्य पूरा हुआ। फॉर्म जमा करने के लिए पन्द्रह दिन शेष।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने प्रदेश में जारी एस.आई.आर पर रोक लगाने से इंकार किया।

03. राज्य में पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के रिक्त चार सौ तीन पदों पर हुये उपचुनाव के लिए मतगणना जारी।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के एक करोड़ से अधिक लाभुकों के बीच बढ़ी हुई राशि का भुगतान करेंगे।

————————————————————————

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की अंतिम समय सीमा से करीब दो सप्ताह पहले ही छियासठ प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के कुल सात करोड़ नवासी लाख मौजूदा मतदाताओं में से कल शाम छह बजे तक पांच करोड़ बाईस लाख मतदाताओं के गणना फॉर्म एकत्र किए जा चुके हैं। इस अभियान के लिए लगभग सात करोड़ नब्बे लाख फॉर्म छापे गए थे। इनमें से लगभग अंठानवे प्रतिशत फॉर्म मतदाताओं को वितरित किए जा चुके हैं, जिनके नाम चौबीस जून तक मतदाता सूची में शामिल थे।यह पुनरीक्षण अभियान चौबीस जून को शुरू हुआ था। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने प्रदेश में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एस. आई.आर पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। न्यायाधीश सुधांशु धूलिया और जे. बागची की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि पुनरीक्षण कार्य संविधान के दायरे में है। हालांकि पीठ ने पुनरीक्षण कार्य के समय पर सवाल उठाया। न्यायालय ने कहा है कि पुनरीक्षण कार्य बिहार विधानसभा चुनाव के लिए ही क्यों हो रहा है, इसे पूरे देश में लागू क्यों नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग को अगर नागरिकता की ही जांच करनी थी तो उसे यह कार्य पहले करना चाहिए था।

इधर, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने बताया कि न्यायालय ने कहा कि चुनाव आयोग को न्याय के हित में पुनरीक्षण अभियान के दौरान आधार कार्ड, राशन कार्ड और मतदाता फोटो पहचान पत्र जैसे दस्तावेजों को भी शामिल करने पर विचार करना चाहिए।

---बाइट---

---

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के रिक्त चार सौ तीन पदों पर हुये उपचुनाव के लिए मतगणना जारी है। पंचायत और पंचायत समिति की विभिन्न सीटों के लिए संबंधित जिलों के प्रखंड मुख्यालय में मतगणना केन्द्र बनाये गये हैं। वहीं, जिला परिषद सदस्य की सीट के लिए जिला मुख्यालय में मतगणना केन्द्र बनाये गये हैं। इन पदों के लिए नौ जुलाई को मतदान हुआ था।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभुकों के बीच बढ़ी हुई राशि के तहत कुल एक हजार दो सौ सत्ताईस करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान करेंगे। इनमें मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, बिहार निःशक्ता पेंशन योजना और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना समेत छह योजनाएं शामिल हैं। एक करोड़ ग्यारह लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से यह राशि भेजी जायेगी। गौरतलब है कि हाल ही में राज्य सरकार ने पेंशन राशि चार सौ रूपये से बढ़ाकर ग्यारह सौ रूपये कर दी है। इस बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वास्थ्य विभाग को सामाजिक सुरक्षा पेंशन की दायरे में आये सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया है।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार में क्षेत्रीय परिषदें चर्चा के मंच से आगे बढ़कर सहयोग के ईंजन में तब्दील हो गयी हैं। रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुये उन्होंने कहा कि केन्द्र राज्यों के विकास को आगे बढ़ाने में प्रतिबद्ध है और इसके लिए राज्यों का आपस में समन्वय भी जरूरी है। बैठक में शामिल उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने नदियों के प्रवाह को अविरल बनाये रखने के लिए गाद प्रबंधन नीति तैयार करने पर अपनी सहमति जता दी है। उन्होंने बताया कि बैठक में बिहार और झारखंड के बीच लंबे समय से लंबित इंद्रपुरी जलाशय से जुड़े मामले का निपटारा कर लिया गया। श्री चौधरी ने कहा कि किशनगंज में प्रस्तावित बांध के निर्माण को लेकर भी पश्चिम बंगाल के साथ सहमति बन गई है।

———बाइट———

————————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी की नियुक्तियों में बिहार की मूल निवासी महिलाओं को पैंतीस प्रतिशत आरक्षण लागू होगा। आयोग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। आयोग ने कहा है कि इसका लाभ उन नौकरियों में भी मिलेगा, जिसकी परीक्षा हो गयी है, लेकिन परिणाम जारी नहीं हुआ है। अधिसूचना के बाद बीपीएससी की करीब एक दर्जन प्रक्रियाधीन परीक्षाओं में महिलाओं को नये आरक्षण नियम का लाभ मिलेगा।

————————————————————————————

सावन का पवित्र महीना आज से शुरू हो गया है। इस बार सावन महीने के दौरान चार सोमवार पड़ेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पवित्र महीने की शुरूआत होने के साथ ही पूरा वातावरण शिवमय हो गया है।

———म्यूजिक———

मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ, सोनपुर के हरिहर नाथ, पूर्वी चंपारण के अरेराज मंदिर, पटना के बैकटपुर धाम, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, लखीसराय के अशोकधाम और मधेपुरा के सिंघेश्वर स्थान समेत प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

———म्यूजिक———

इधर, सुल्तानगंज में नमामि गंगे घाट पर आज से विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले की शुरूआत होगी। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी संयुक्त रूप से मेले का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। वहीं, श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे की और से कई ट्रेनों को मेला स्थलों पर आज से अस्थायी ठहराव दिया जा रहा है। रेल परिसरों में सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस ने विशेष तैयारी की है। एडीजी, रेलवे बच्चू सिंह मीणा ने सभी रेल आरक्षी अधीक्षकों को राज्यभर के स्टेशनों, रेलवे ट्रैक और स्पेशल ट्रेनों की निगरानी व्यवस्था को पुख्ता बनाये रखने क निर्देश दिये है।

————————————————————————————

मौसम विभाग ने आज पटना सहित प्रदेश के पूर्वी और दक्षिणी भागों में हल्की से मध्यम बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की सम्भावना है।

–––बाइट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

अमरीकी अंतरिक्ष एजेंसी–नासा ने कहा है कि भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और एक्जिओम–फोर मिशन के तीन अन्य क्रू सदस्यों की वापसी यात्रा चौदह जुलाई से शुरू होगी। नासा के कमर्शियल क्रू प्रोग्राम के प्रबंधक, स्टीव स्टिच ने एक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। मिशन वापसी शुरू होने के कई घंटे बाद अंतरिक्ष यात्री प्रशांत महासागर में कैलिफ़ोर्निया तट के पास उतरेंगे। ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन–आईएसएस के चौदह–दिवसीय मिशन पर हैं। वे आईएसएस पहुंचने वाले पहले भारतीय और उन्नीस सौ चौरासी में अंतरिक्ष में गए विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री बन गए हैं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राजधानी पटना के ज्ञान भवन और बापू सभागार में आज से राज्यस्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय इस मेले में एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी और योग जैसी सभी प्रमुख चिकित्सा पद्धतियों के अलग–अलग काउंटर बनाये गये हैं। एक रिपोर्ट–

––––बाईट–––

आरोग्य पर्व नामक इस स्वाथ्य मेले में विभिन्न प्रकार के पचास ओपीडी काउंटर उपलब्ध हैं। मेले में निःशुल्क दवा वितरण काउंटर भी लगाये गये हैं। इस दौरान छात्राओं के लिए विशेष रूप से एचपीवी टीकाकरण की सुविधा भी उपलब्ध है। मेले में गर्भवती महिलाओं के लिए एएनसी जांच, टेली मानस और टेली मेडिसीन जैसी सेवाएं भी दी जा रही है। इस दौरान पात्र व्यक्ति आयुष्मान कार्ड और वय वंदना कार्ड भी बनवा सकते हैं। इसके लिए राशन कार्ड और आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। मेला सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक आयोजित होगा। आकाशवाणी समाचाचर के लिए पटना से आशीष रंजन।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

परिवहन मंत्री शीला कुमारी ने कहा है कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों की जान बचाने वाले राहवीर को पच्चीस हजार रूपये पुरस्कार स्वरूप दिये जायेंगे। उन्होंने बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा कि वर्तमान में परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले व्यक्ति को दस हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने राहवीर योजना इकतीस मार्च दो हजार छब्बीस तक लागू की है।

———————————————————————————————————

राजधानी पटना के गांधी मैदान में मिथिला हाट के तर्ज पर पटना हाट का निर्माण किया जायेगा। बिहार राज्य पर्यटन निगम की ओर से लगभग पचास करोड़ रूपये की लागत से सभ्यता द्वार के पश्चिमी हिस्से में एक अत्याधुनिक "हाट" का निर्माण होगा। इस हाट को तीन मंजिला इम्पोरियम के रूप में विकसित किया जाएगा। यह परियोजना प्राचीन मगध की विरासत को प्रदर्शित करेगी।

———————————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने सर्वोच्च न्यायालय में एसआईआर पर सुनवाई से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार में मतदाता सत्यापन पर रोक से सुप्रीम इनकार।

दैनिक जागरण ने इसी खबर का शीर्षक दिया है – आधार, वोटर आईडी और राशन कार्ड को दस्तावेज में शामिल करने पर करें विचार।

दैनिक भास्कर ने कृषि से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर स्थान देते हुये लिखा है– दलहन और तेलहन खरीदेगा बिस्कोमान।

प्रभात खबर ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के हवाले से लिखा है– प्राचार्यों के पदस्थापन में सिफारिशों से बचने के लिए लाया लॉटरी सिस्टम।

राष्ट्रीय सहारा ईओयू की कार्रवाई को तरजीह देते हुये लिखता है– अभियंता ने काली कमाई से बनाई करोड़ों की सम्पत्ति।

आज अखबार ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान का शीर्षक लगाया है– बिहार, झारखंड, ओडिशा काफी हद तक नक्सल मुक्त।

———————————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण– एस.आई.आर का अब तक छियासठ प्रतिशत कार्य पूरा हुआ। फॉर्म जमा करने के लिए पन्द्रह दिन शेष।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने प्रदेश में जारी एस.आई.आर पर रोक लगाने से इंकार किया।

03. राज्य में पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के रिक्त चार सौ तीन पदों पर हुये उपचुनाव के लिए मतगणना जारी।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के एक करोड़ से अधिक लाभुकों के बीच बढ़ी हुई राशि का भुगतान करेंगे।

———————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।